Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 19 अक्तूबर, 2023

अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम- ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-II

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने लद्दाख में **13 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना** के लिये हरित ऊर्जा गलियारा (Green Energy Corridor- GEC) चरण- II-**अंतर-राज्य ट्रांसमिशन सिस्टम** (ISTS) **परियोजना को** स्वीकृति दी।

- यह वित्त वर्ष 2029-30 तक स्थापित की जाएगी और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (POWERGRID) इस परियोजना को लागू करने वाली एजेंसी होगी।
- **यह परियोजना वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन से 500 गीगावाट स्थापित बिजली क्षमता के लक्ष्य** को प्राप्त करने में योगदान देगी। इससे देश की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही कार्बन उत्सर्जन कम कर पारिस्थितिक रूप से धारणीय विकास को बढ़ावा मिलेगा।
- इससे विशेष रूप से **लद्दाख क्षेत्र में विद्युत और अन्य संबंधित क्षेत्रों में कुशल एवं अकुशल दोनों कर्मियों के लिये प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रोज़गार के कई अवसर** सृजित होंगे।
- यह परियोजना **अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-II** (InSTS GEC-II) के अतिरिक्त है, जो पहले से ही गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश राज्यों में ग्रिड एकीकरण के क्रम में है।**वर्ष 2026 तक 20 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त होने की उम्मीद है।**

भारत की तकनीकी प्रगति में IBM की भूमिका

इंटरनेशनल बिज़नेस मशीन्स कॉरपोरेशन (IBM) ने भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता/आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी और **क्वांटम टेक्नोलॉजी** के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिये **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय** (MeitY) से जुड़ी संस्थाओं के साथ तीन समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है।

- इन सहयोगों का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के लिये भारत की राष्ट्रीय रणनीति को गति प्रदान करना,**सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता** और **राष्ट्रीय क्वांटम मिशन** को आगे बढ़ाना है।
- इस साझेदारी में AI कौशल और विकास को बढ़ावा देने के लिये एक**राष्ट्रीय एआई इनोवेशन प्लेटफॉर्म** (AIIP) तथा **सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा** देने हेतु एक **सेमीकंडक्टर अनुसंधान केंद्र की स्थापना** करना शामिल है।

और पढ़ें...भारत का विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-19-october,-2023